112347

(Pages : 3)

1719

Sl. No. 505409

S.S.L.C. EXAMINATION, MARCH - 2017

HINDI

Third Language

Time : 1½ Hours

Total Score : 4

सामान्य निर्देश :

- प्रश्नपत्र वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है। इसके बाद ही लिखना शुरू करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
- सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

Scor

सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और **1** से **3** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

लोगों में ठहाकों की हिस्सेदारी हुई और स्टेज पर जमकर पैसे बरसे। अंत में माँ जब उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाईं। कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की।

1. लोगों ने माँ से क्यों हाथ मिलाया ?
   (क) माँ का गाना अच्छा था।
   (ख) माँ को ज्यादा पैसा मिला था।
   (ग) चार्ली की मासूमियत से प्रभावित था।

2. अंत में दर्शकों ने तालियाँ बजाकर माँ का स्वागत क्यों किया ?

3. मान लें, इस घटना के संबंध में चार्ली की माँ अपनी डायरी में लिखती है। चार्ली की माँ की डायरी कल्पना करके लिखें।

सूचना : यह कवितांश पढ़ें और **4** से **6** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पता है तुमको पानी हमको
मिल जाता है कैसे पीने को
यही एक अमृतधारा है
सबसे उपयोगी जीने को।
होता नहीं अगर जो पानी
भूमंडल सूखा रह जाता
जीवजंतु क्या प्राणिमात्र भी
नहीं जन्म कोई ले पाता।

P.T.O

Score

4. अगर पानी नहीं होता तो क्या होता ? 1

(अमृतधारा होता, भूमंडल सूखा रहता, प्राणिमात्र जन्म लेता)

5. निम्नलिखित आशयवाली दो पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

पानी के बिना कोई भी जीव या प्राणी जन्म नहीं लेता।

6. पानी के बिना जीना असंभव है। आनेवाली पीढ़ी के लिए उसे सुरक्षित रखना है। इस आशय पर एक पोस्टर तैयार करें। 4

सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मकर संक्रांति से तपता सूरज अब नंदा पर्वत से चौखंभा पर्वत की ओर बढ़ने लगता है। गंगा में पानी की धारा तेज़ हो जाती है। ठंड के मौसम में बर्फीले इलाकों से निचले इलाकों में उतरे पशुचारक वापस घरों को लौटने लगते हैं। महीनों तक फैले चरागाहों, घने जंगलों और अनजान बस्तियों में भटकने के बाद अपने घर लौटने की खुशी उत्सव का माहौल रच देती है।

7. पशुचारकों की खुशी का कारण क्या है ? 1

(क) गंगा में पानी की धारा तेज़ है।

(ख) महीनों बाद घर लौटने का समय आया है।

(ग) सूरज तप रहा है।

8. अपने घर लौटने की खुशी उत्सव का माहौल रच देती है। पशुचारकों के महीनों तक के पहाड़ी जीवन पर टिप्पणी लिखिए। 2

9. लेख के इस प्रसंग की पटकथा का एक दृश्य लिखें। 4

सूचना : 'जैसलमेर' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें और 10 और 11 के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

जब मैं तस्वीर लेने के लिए किसी खूबसूरत दुकान के बाहर रुकता तो अचानक कई आवाज़ें मुझे भीतर बुलाने लगतीं! एक दुकान के बाहर मैंने लिखा देखा, ''थैंक यू लोनली प्लैनेट फॉर मेकिंग अस अनइम्प्लॉइड।'' पता चला कि दुनिया भर में चर्चित पर्यटक गाइड लोनली प्लैनेट में किसी ने इस जगह के बारे में कुछ खराब लिख दिया है।

10. प्रस्तुत प्रसंग में लेखक और दुकानदार के बीच का संभावित वार्तालाप कल्पना करके लिखें। 4

11. कई आवाज़ें मुझे बुलाने लगतीं। 1

('आवाज़' के स्थान पर 'लोग' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।)

11 2 3 4 7

Score

सूचना : (अकाल और उसके बाद) कविता का यह अंश पढ़ें और **12** से **14** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त।
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त॥

12. समानार्थी शब्द कवितांश से पहचानकर लिखें। 1

दीवार

13. अकाल में चूहों की क्या हाल हो गई? 1

14. कवितांश की आस्वादन – टिप्पणी लिखें। 3

सूचना : सही मिलान करें। 3

15.

और वैसे भी मैं तो पराई अमानत हूँ	ऊँट बनाम रेलगाड़ी
दुनिया सच में बहुत छोटी है दोस्तों	गुठली तो पराई है
ड्राइवर ने खच्च से ब्रेक लगाया	जैसलमेर

सूचना : संशोधन करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।

16. बेला के सिर पर पट्टी बाँधा था। 1

सूचना : यह खंड पढ़ें और 17 और 18 के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अप्रैल के दिन थे। धूप बहुत तेज़ थी। रानी पानी लेने बाहर निकली। सहसा नीम के पेड़ की छाया में एक कबूतर को घायल पड़ा देखा। शायद गरम हवा के कारण कबूतर घायल होकर गिरा था। रानी ने कबूतर को उठाया और पानी दिया। थोड़ी देर बाद वह आराम से उड़ गया।

17. कबूतर कहाँ घायल पड़ा था? 1

18. मान लें, इस घटना का वर्णन करते हुए रानी अपने मित्र को एक पत्र लिखती है। वह पत्र कल्पना करके लिखें। 4

- o 0 o -